कचरू लाल बनाम तहसीलदार टहला
मुकदमा संख्या 03/110/2024
निर्णय दिनांक 24.02.2025

सत्यमेव जयते

न्यायालय
उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलेक्टर राजगढ़ जिला-अलवर
(पीठासीन अधिकारी सुश्री सोनू कुमारी आई.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र संख्याः-03/110/2024 ऑनलाईन नम्बरः-2024/523 प्रवेश तिथिः-17.09.2024

1. कचरू लाल पुत्र सेडूराम जाति ब्राहम्ण आयु करीबी 70 वर्ष निवासी ग्राम तालाब तहसील टहला जिला अलवर। ....प्रार्थी

बनाम्

1. तहसीलदार साहब टहला जिला अलवर राजस्थान। ....अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 काश्तकारी अधिनियम
उपस्थितः- श्री सतीश शर्मा एड0-प्रार्थी
तहसीलदार टहला-अप्रार्थी

उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ जिला-अलवर सत्यमेव जयते

-:निर्णयः- दिनांक 24/02/2025

1. आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय पेंश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 काश्तकारी अधिनियम के तहत इस न्यायालय में पेश कर निवेदन किया की प्रार्थी की हाल आराजी खाता संख्या 44 खसरा संख्या 802/0.15, चाही उत्तम, 808/0.26 चाही प्रथम वाके ग्राम तालाब तहसील टहला जिला अलवर में अवस्थित है जिस पर प्रार्थीगण काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नही होने से प्रार्थी द्वारा सीमांकन कराये जाने बाबत तहसीलदार टहला के यहा प्रार्थना पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार टहला द्वारा संबंधित पटवारी को पैमाईश के आदेश दिये जिस पर पटवारी हल्का द्वारा दिनांक 12.06.2013 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशान देही कराई गई। पुष्टि में रिपोर्ट पैमाईश संलग्न है। अब प्रार्थी मुताबिक पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 12.06.2013 के आधार पर आराजी की पत्थरगढी कराना चाहता है। अतः में प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढी तहसीलदार टहला पैमाईश दिनांक 12.06.2013 के अनुसार कराये जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार टहला से रिपोर्ट तलब कि गई। तहसीलदार टहला के पत्रांक क्रमांक/भू.अ./2024/4047 दिनांक 27.11.2024 रिपोर्ट प्रेषित की तहसीलदार टहला की रिपोर्ट के अनुसार मौके पर कोई विवाद नही है। ना ही कोई पक्का निर्माण कार्य किया गया है। प्राप्त तहसीलदार रिपोर्ट शामिल मिशल है।

3. बहस वकील प्रार्थी की सुनी गई। दौरान-ए-बहस प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दौहराते हुये प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाईश दिनांक 12.06.2013 व तहसीलदार की रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 के अनुसार पत्थरगढी के आदेश जारी करने का निवेदन किया तथा पुष्टि में जमाबंदी सम्वत् 2069 से 2075 खाता संख्या 44 वाके ग्राम तालाब तहसील टहला जिला अलवर की नकल पेंश की गई जो शामिल मिशल है।

Sonu Kumari

उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़
जिला-अलवर

कचरू लाल बनाम तहसीलदार टहला
मुकदमा संख्या 03/110/2024
निर्णय दिनांक 24.02.2025

4. बहस वकील प्रार्थी पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलबध जमाबंदी सम्वत् 2069 से 2075 खाता संख्या 44 वाके ग्राम तालाब तहसील टहला जिला अलवर के अंकित इन्द्राज के अनुसार आराजी विवादित प्रार्थी की खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाईश दिनांक 12.06.2013 व तहसीलदार टहला की रिपोर्ट दिनांक 27.11.2024 से भी यह तथ्य साबित है कि प्रार्थी द्वारा तहसीलदार टहला के माध्यम से हल्का पटवारी से दिनांक 12.06.2013 को विवादित आराजी की पैमाईश कराई जा चुकी है।

राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 111 व 128 निम्न प्रकार है :-

Sec. 111. Decision of disputes as to boundaries (1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.

(2) if in the course of an inquiry into a dispute under this section, the land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or if it is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.

Sec. 128. Boundary disputes.- All disputed concerning bound-aries shall be decided by the land Records Officer in the manner laid down in section 111.

इसलिये प्रार्थी को अपनी आराजी की सुरक्षा हेतु पत्थरगढी के आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 हाल आराजी खाता संख्या 44 खसरा संख्या 802/0.15, चाही उत्तम, 808/0.26 चाही प्रथम वाके ग्राम तालाब तहसील टहला जिला अलवर स्वीकार किया जाता है। *तहसीलदार टहला को आदेश जारी किये जाते है कि वो अपनी उपस्थिति में प्रार्थी के खर्चे पर पक्षकारान की उपस्थिति में विवादित आराजी की पुनः पैमाईश कर धारा 111 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार पत्थरगढी कराने की कार्यवाही करें। तहसीलदार टहला को पालना हेतु निर्णय प्रति भिजवाई जावें।*

निर्णय आज दिनांक 24.02.2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।
पत्रावली नम्बर से कम होकर वाद पूर्ति जमा लेख भंडार हो।

Sonu Kumari

(सुश्री सोनू कुमारी आई.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी राजगढ
जिला—अलवर

उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ जिला-अलवर
सत्यमेव जयते